भारत सरकार

रेल मंत्रालय

लोक सभा

13.12.2023 के

तारांकित प्रश्न सं. 141 का उत्तर

डायनेमिक किराया टिकट प्रणाली

***141. श्री एम. सेल्वराज:**
डॉ. टी.आर. पारिवेन्धर:

क्या रेल मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) क्या सरकार को इस बात की जानकारी है कि हाल ही में त्योहारों के मौसम में डायनेमिक किराया प्रणाली के अंतर्गत रेल किराए में कई गुना वृद्धि की गई है जो कि फ्लाइट/विमान किराए से अधिक थी जिसके कारण कई आम और गरीब लोग बुरी तरह से प्रभावित हुए और वे त्योहार मनाने के लिए अपने गृह नगर की यात्रा नहीं कर सके;

(ख) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;

(ग) डायनेमिक किराया प्रणाली के अंतर्गत किराया बढ़ाने के क्या कारण हैं;

(घ) क्या इस टिकट प्रणाली को समाप्त करने के लिए किसी मंच/रेल उपयोगकर्ता मंच से कोई शिकायतें प्राप्त हुई हैं और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;

(ड.) क्या मंत्रालय द्वारा सभी गंतव्यों के लिए सभी रेलगाड़ियों में डायनेमिक किराए को समाप्त करने के लिए आवश्यक कार्रवाई किए जाने की संभावना है ताकि गरीब लोग यात्रा कर सकें; और

(च) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है और यदि नहीं, तो इसके क्या कारण हैं?

उत्तर

रेल, संचार एवं इलेक्ट्रॉनिकी और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्री

(श्री अश्विनी वैष्णव)

(क) से (च): विवरण सभा पटल पर रख दिया गया है।

****

डायनेमिक किराया टिकट प्रणाली के संबंध में दिनांक 13.12.2023 को लोक सभा में श्री एम. सेल्वराज और डॉ. टी.आर. पारिवेन्धर के तारांकित प्रश्न सं. 141 के भाग (क) से (च) के उत्तर से संबंधित विवरण

(क) से (च): हाल ही में, किराये का कोई युक्तिकरण नहीं किया गया है। भारतीय रेल सदैव समाज के सभी वर्गों को किफायती सेवाएं प्रदान करने का प्रयास करती है। तदनुसार, यह समाज के विभिन्न वर्गों की यात्रा संबंधी आवश्यकताओं को पूरा करने के लिए विभिन्न श्रेणियों की रेलगाड़ी सेवाएं चलाती है, जिनमें समाज के अल्पसुविधा-प्राप्त वर्गों को लाभान्वित करने के लिए कम किराये वाली रेलगाड़ियां और संवर्धित सुविधाओं वाली रेलगाड़ियां भी शामिल हैं।

नियमित समय-सारणीबद्ध रेलगाड़ी सेवाओं के अलावा, जिन्हें नियमित किराये पर चलाया जाता है, भारतीय रेल त्योहार/उच्चतम मांग की अवधि के दौरान अतिरिक्त भीड़ की निकासी करने के लिए स्पेशल रेलगाड़ियां भी चलाती है।

इसके अलावा, 2019-20 में भारतीय रेल द्वारा यात्री टिकटों पर 59,837 करोड़ रुपये की सब्सिडी दी गई थी। यह राशि रेलवे में यात्रा करने वाले प्रत्येक यात्री के लिए औसतन 53% की रियायत के बराबर है। यह सब्सिडी सभी यात्रियों के लिए जारी है।

यात्री किराये सहित विभिन्न यात्री संबंधी नीतियों के बारे में विभिन्न मंचों जैसे यात्री संघों, रेलवे स्टेशन, मंडल, क्षेत्रीय रेल स्तरों पर गठित परामर्शदात्री समितियों आदि के माध्यम से निरंतर फीडबैक लिया जाता है। इसके अलावा, विभिन्न माध्यमों से प्राप्त जानकारी के आधार पर यात्री किरायों को युक्तिसंगत बनाना एक सतत एवं चलायमान प्रक्रिया है।

****